प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 15.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के अंतर्गत पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में सौ प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। निर्धनता अनुदान को प्रति लाभार्थी चार हज़ार रुपये से दोगुना करके आठ हज़ार रुपये प्रति माह कर दिया गया है। इससे 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध और गैर–पेंशनभोगी पूर्व सैनिकों और उनकी विधवाओं, जिनकी कोई नियमित आय नहीं है, उनकी आजीवन निरंतर सहायता मिलेगी।

****

भारतीय जनता पार्टी ने घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए बाबूलाल सोरेन को उम्मीदवार घोषित किया है। वे पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र हैं और 2019 के विधानसभा चुनाव में भी घाटशिला से चुनाव लड़ चुके हैं। उपचुनाव के लिए 11 नवंबर को मतदान और 14 नवंबर को मतगणना होगी।

****

बाबूलाल सोरेन ने घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में उम्मीदवार बनाए जाने पर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद दिया है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फ़ॉर लोकल के आह्वान का जामताड़ा में व्यापक असर देखा जा रहा है। दीपावली और छठ जैसे त्योहारों को देखते हुए मिट्टी के दीये, बर्तन और खिलौनों की मांग में बढ़ोतरी हुई है। इससे कुंभकार समुदाय के लोगों में उत्साह है और वे पूरे परिवार के साथ मिलकर मिट्टी के सामान बनाने में जुटे हैं।

****

इधर सिमडेगा में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड और झारखंड माटी कला बोर्ड की ओर से 23 कुम्हारों को 90 प्रतिशत अनुदान पर इलेक्ट्रिक चाक और टूल किट वितरित किए गए। उपायुक्त कंचन सिंह ने कहा कि पारंपरिक माटी शिल्पकारों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इलेक्ट्रिक चाक मिलने से माटी शिल्पकार कम मेहनत में अधिक उत्पादन कर सकेंगे।

****

दुमका पुलिस प्रशासन ने जामा थाना क्षेत्र के कई गांवों में नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा और साइबर अपराध जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक किया। साथ ही इन गांवों में अफीम तथा मादक पदार्थों की खेती नहीं करने को लेकर विशेष अभियान चलाया गया।

****

कोडरमा जिले में 50 मेगावाट की क्षमता वाले सौर ऊर्जा प्लांट की स्थापना के लिए भूमि की तलाश तेज कर दी गई है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

मौसम विभाग के अनुसार रांची, हजारीबाग, बोकारो, गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार समेत राज्य के कई जिलों में अगले दो दिनों तक आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है, जबकि मौसम शुष्क रहेगा। आज राज्य में अधिकतम तापमान चाईबासा में 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान लातेहार में 17.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

****

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल प्रशासन नियमों के तीन प्रारूपों पर लोगों से सुझाव मांगे हैं। नागरिक, 14 नवम्बर से पहले इन मसौदा नियमों पर प्रतिक्रियाएं भेज सकते हैं। ये नियम राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 के कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए बनाए गए हैं। इस अधिनियम का उद्देश्य खेल निकायों के प्रशासन में आने वाली चुनौतियों का समाधान और देश में खेलों के संवर्धन के लिए एक व्यापक ढाँचा स्थापित करना है।

****